साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय
संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल–462030 (म0प्र0)

स्वशासी योजना के अंतर्गत् शासी निकाय की बैठक

क्रमांक 05 (सत्र 2020–21)

दिनांक: 06/03/2021

समयः पूर्वान्ह 11:30 बजे

कार्यवृत्त

आज दिनांक 06–03–2021 को पूर्वान्ह 11:30 बजे महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अंतर्गत शासी निकाय की बैठक माननीय श्री दयालदास डेटानी जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

I. अध्यक्ष
श्री दयालदास डेटानी जी (अध्यक्ष प्रबंध समिति)

II. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
1. श्री राजेन्द्र मनवानी (महासचिव)
2. श्री हेमन्त आसवानी (सदस्य )

III. कुलपति बरकत्तउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा नामित सदस्य
डॉ. नीरज गौर
प्राध्यापक, यू टी डी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

IV. शासी निकाय द्वारा नामित शिक्षाविद्
डॉ. आभा बाजपेई
सेवानिवृत प्राध्यापक, हिन्दी
सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
शिवाजी नगर, भोपाल

V. महाविद्यालय के प्राचार्य –पदेन सचिव (शासी निकाय)
डॉ. अनिल कुमार सिंह

VI. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
(i) डॉ. डी. के. दुबे, सहायक प्राध्यापक, प्रबंधन।
(ii) डॉ. सुमन मलिक, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र।

VII. विशेष आमंत्रित सदस्य
(i) श्री अशोक आडवानी (सचिव प्रबंध समिति)
(ii) डॉ. एम.एस. रघुवंशी (अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन)

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

(iii) डॉ. बी.डी. पाण्डेय नियंत्रक(स्वशासी प्रकोष्ठ)
(iv) डॉ. मधुलिका सिंह (समन्वयक IQAC)

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिए गये:–

**बिन्दु क्रमांक 1. :– सत्र 2019–20 में स्वशासी योजना के अंतर्गत आयोजित शासी निकाय की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन पर चर्चा।**

शासी निकाय की बैठक में उपस्थित सदस्यों को प्राचार्य महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि शैक्षणिक सत्र 2019–20 हेतु स्वशासी योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा बनाए गए प्लानर के अनुसार सभी शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियां सम्पन्न करवाई गईं। महाविद्यालय की स्वशासी योजना के अन्तर्गत करवाई जाने वाली परीक्षाएं भी तय समय सीमा के अन्तर्गत आयोजित हुई एवं सभी परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए गए। प्राचार्य महोदय द्वारा जानकारी दी गई कि वैश्विक महामारी कोविड–19 के कारण स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार आयोजित की गईं एवं परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

सत्र 2019–20 के लिये स्वशासी योजना के अंतर्गत आयोजित शासी निकाय की बैठक जो कि 16–01–2020 को आयोजित की गई थी में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी गई जिसपर सभी सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**बिन्दु कमांक 2:– अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित अकादमिक प्रस्ताव :**

(i) सत्र 2020–21 में स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत प्रथम एवं तृतीय वर्ष के विषयों आधार पाठ्यक्रम, वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म जीवविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, गणित, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, प्रबंधन (बीबीए), भौतिक शास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाज शास्त्र एवं राजनीतिक शास्त्र के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रम का अनुमोदन किया गया। वाणिज्य संकाय के पाठ्यक्रम में संशोधन के संदर्भ में डॉ. के. बी. पंडा द्वारा जानकारी मांगे जाने पर वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. ए.एल.नारवानी द्वारा संशोधित पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके उपरांत जो सुझाव अध्ययन मण्डल द्वारा अनुशंसित दिये गये थे वे सर्व सम्मति से अनुमोदित किये गये।

(ii) सत्र 2020–21 में स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत द्वितीय वर्ष के विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किए गए संशोधन जो कि अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित हो चुके हैं, का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(iii) सत्र 2020–21 में स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत हिन्दी, गणित , रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर साइंस, जैव प्रौद्योगिकी तथा भौतिक शास्त्र विषयों के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन। स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य विषय के पाठ्यक्रम में आंशिक संशोधन/सुझाव जो कि अध्ययन मंडल द्वारा अनुशंसित हैं, का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

(iv) स्वशासी योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में सेमेस्टर एवं वार्षिक प्रणाली हेतु अनुमोदित परीक्षा नियमों में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा समय–समय पर जारी किये जाने वाले संशोधन यथावत लागू करने हेतु अनुमोदन किया गया।

(v) अकादमिक विषयों पर सुझाव एवं अनुशंसा।
(अ) बी.काम (आनर्स), बी.ए. (कम्प्यूटर एप्लीकेशन), बी.ए.(गणित) पाठ्यक्रम सत्र 2021–22 से प्रारंभ करने हेतु अनुशंसा की गई।
(ब) Taxation(GST) में सर्टिफिकेट पाठ्यकम शुरू करने हेतु अनुशंसा की गई।
(स) बी.एस.सी.क्लीनिकल न्यूट्रीशन एवं डायटेटिक्स पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु अनुशंसा की गई।

(vi) वैश्विक महामारी कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा ऑफलाइन/ऑनलाइन शिक्षण, सैद्धांतिक, प्रायोगिक एवं परियोजना कार्य की परीक्षाओं के संबंध में जारी निर्देशों के पालन करने को मान्य किया गया।

(vii) अकादमिक परिषद की बैठक में माननीय अध्यक्ष की अनुमति से प्राचार्य महोदय द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत सत्र 2021–22 हेतु UGC की National Skill Qualification Frame Work (NSQF) के तहत विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स -Digital Marketing, Tally with GST, Organic Farming, Software Development, Communicative English for Employability के लिए प्रस्ताव भेजने की योजना रखी गई जिसे सर्वसम्मति से मान्य किया गया।

बिन्दु क्रमांक 2 के उपबिन्दु (v) पर चर्चा के दौरान डॉ. आभा वाजपेयी द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि के बारे में जानकारी मांगी गई जो डॉ. सुमन मलिक द्वारा उपलब्ध करवाई गई। इसके अतिरिक्त डॉ. वाजपेयी द्वारा अनुवाद एवं पत्रकारिता से संबंधित लघु अवधि पाठ्यक्रम चलाये जाने का सुझाव दिया गया ।

उपरोक्त बिन्दु पर चर्चा के दौरान डॉ. नीरज गौर द्वारा जानकारी दी गई कि विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर सीबीसीएस प्रणाली लागू कर दी गई है अतः स्वशासी महाविद्यालय इसे अपना सकते है.इसके अतिरिक्त डॉ. नीरज गौर द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में जारी B. Voc एवं M.Voc पाठ्यक्रमों की भी जानकारी दी गई ।

उपबिन्दु (vii) के चर्चा दौरान प्राचार्य महोदय ने विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों के लिए अनुमति मिलने में आने वाली कठिनाईयों के संबंध में जानकारी दी गई। जिस पर डॉ. नीरज गौर द्वारा बताया गया कि स्वशासी योजना के माध्यम से सर्टिफिकेट कोर्स को चलाया जा सकता है

**बिन्दु कमांक 3:– वित्त समिति द्वारा प्रस्तुत वित्तीय प्रस्तावों का अनुमोदन।**

(अ) यू.जी.सी. की सत्र 2019–20 की ऑटोनोमी ग्रान्ट के utilization का अनुमोदन।

(ब) सत्र 2020–21 के स्वशासी मद के प्रस्तावित बजट पर चर्चा ।

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

बिन्दु क्रमांक–3 के उपबिन्दु (ब) पर चर्चा के दौरान डॉ. नीरज गौर द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रस्तावित बजट से ऑफिस इक्यूपमेंट के स्थान पर teaching aids एवं laboratory equipment का मद अलग किया जाए एवं डॉ. रघुवंशी द्वारा सुझाव दिया गया कि इसमें research मद पर भी कुछ बजट रखा जाना उचित होगा। प्राचार्य महोदय द्वारा उपरोक्त सुझावों पर विचार करने के पश्चात् यथा संभव लागू करने का आश्वासन दिया गया।

अन्य वित्तीय प्रस्ताव यथा प्रस्तावित अनुमोदित।

**बिन्दु क्रमांक 4:– वैश्विक महामारी कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा समय–समय पर ऑफलाइन/ऑनलाइन शिक्षण, सैद्वांतिक, प्रायोगिक एवं परियोजना कार्य की परीक्षाओं के संबंध में जारी निर्देशों के पालन संबंधी ।**

उपरोक्त प्रस्ताव सूचनार्थ प्रस्तुत।

**बिन्दु क्रमांक 5:– महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

उपरोक्त बिन्दु के अंतर्गत महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों के बारे में प्राचार्य महोदय द्वारा जानकारी दी गई। इस बिन्दु पर चर्चा के दौरान डॉ. आभा बाजपेयी द्वारा ग्रीन ऑडिट समिति के कार्यों के बारे में जानकारी मांगी गई जिसे प्राचार्य महोदय द्वारा उपलब्ध कराया गया। विभिन्न समितियों के गठन से संबंधित प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनुमोदित किये गये।

**बिन्दु क्रमांक 6:– माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

माननीय अध्यक्ष की अनुमति से प्राचार्य महोदय द्वारा Communication Skill and Personality Development, Web Technology, Apparel Designing तथा English Speaking and Communication को प्रांरभ करने का प्रस्ताव रखा गया। उपरोक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से मान्य किये गये।

विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान डॉ. एम. एस. रघुवंशी द्वारा सुझाव दिया गया कि सर्टिफिकेट कोर्स तथा सभी अन्य पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए साथ ही शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त सीएम हेल्पलाईन, छात्रवृत्ति, सूचना के अधिकार के अंतर्गत मांगी गई जानकारियों पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। इस पर प्राचार्य महोदय द्वारा सूचित किया गया कि महाविद्यालय में छात्रों को शासन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों के अतिरिक्त निचलानी फाउंडेशन, जिंदल फाउंडेशन, से मिलने वाली छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त महाविद्यालय प्रबंधन एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए बनाए गए फंड के बारे में भी जानकारी दी गई ।

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

डॉ. नीरज गौर द्वारा बीए एलएलबी एवं बी कॉम एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स प्रारम्भ करने का सुझाव दिया गया।

शासी निकाय के अध्यक्ष एवं प्राचार्य महोदय द्वारा उपरोक्त सुझावों पर विचार करने के पश्चात यथासंभव लागू करने का आश्वासन दिया गया।

कार्य सूची में उल्लिखित सभी बिन्दुओं पर चर्चा के पश्चात् नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ डा. बी. डी.पाण्डेय द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया एवं बैठक के समापन की घोषणा की गई।

प्राचार्य
PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
Sant Hirda Ram Nagar,
Bhopal-462030 Bhopal

प्रतिलिपि:
1. अध्यक्ष शासी निकाय, साधु वासवानी शिक्षण समिति
2. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
3. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
4. यू.जी.सी. (नई दिल्ली) द्वारा नामित सदस्य
5. राज्य शासन द्वारा नामित सदस्य
6. विश्वविद्यालय द्वारा नामित सदस्य
7. नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030